भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3394**

उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**बी.एड. पाठ्यक्रम का संशोधन**

**†3394. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नई शिक्षा नीति के अनुसार बी. एड. पाठ्यक्रम की अवधि को 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में 2 वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित करने वाले बी.एड. महाविद्यालयों का ब्यौरा क्या है तथा उनकी स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने महाविद्यालयों के लिए बी.एड. पाठ्यक्रम शुरू करने/संचालित करने के लिए एनएएसी को अनिवार्य बना दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की सिफारिशों के अनुसरण में, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने चार (04) वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) को अधिसूचित किया है। दिनांक 26 अक्टूबर 2021 को यथा अधिसूचित आईटीईपी एक 4 वर्षीय दोहरी-प्रमुख समग्र स्नातक डिग्री है, जो बीए बी.एड./बी.एससी. बी.एड. और बी.कॉम. बी.एड. प्रदान करती है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य 21वीं सदी की मांग के अनुसार नई स्कूल अवसंरचना के 4 चरणों अर्थात आधारभूत, प्रारंभिक, मिडिल और माध्यमिक (5+3+3+4) के लिए शिक्षकों को व्यापक रूप से तैयार करना है।

एनसीटीई ने देश भर में मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थानों (टीईआई) द्वारा संचालित किए जा रहे नियमित बी.एड पाठ्यक्रमों पर कोई रोक नहीं लगाई है। दो वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित करने वाले बी.एड कॉलेजों का विवरण *https://www.education.gov.in/parl_ques* पर अनुलग्नक-I में उपलब्ध है।

(ग) और (घ): बी.एड. पाठ्यक्रम शुरू करने/संचालित करने के लिए एनएएसी को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। तथापि, आईटीईपी का प्रायोगिक चरण देश भर के एनएएसी 'ए' प्रत्यायित चुनिंदा प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) में शुरू किया गया था। आईटीईपी को प्रायोगिक रूप में चलाने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों का विवरण *https://www.education.gov.in/parl_ques* पर अनुलग्नक-II में दिया गया है।

*****